








# 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर वर्मा ने किया झंडावंदन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने 77वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय श्योपुर स्थित वीर सावरकर स्टेडियम परिसर पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान हुआ एवं शांति के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोडे। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय के साथ

## मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया, परेड की सलामी ली

परेड का निरीक्षण किया तथा परेड की सलामी ली।

जिला स्तरीय मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। इसके बाद संयुक्त परेड ने तीन बार हर्ष फायर किये। साथ ही राष्ट्रगान की ध्वनि प्रदर्शित की एवं राष्ट्रपति जी के जय के नारे लगाए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के साथ परेड कमांण्डर सूबेदार भागवत प्रसाद पाण्डेय, टूआईसी एसआई सुबेदार अनिल बाथम, एसएएफ के दल नायक पूरण सिंह चौहान, जिला पुलिस बल (पुरूष) के दल नायक एएसआई धर्मेन्द्र मीणा, जिला पुलिस बल (महिला) की दल नायक श्रीमती रीना राजावत, नगर सेना के प्लाटून कमांडर प्रमोद डण्डोतिया, एनसीसी सीनियर डिवीजन अंडर ऑफिसर लवकुश गुर्जर, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एवं जिला पुलिस बल के संयुक्त बैंड दल के नायक अर्जुन सिंह राठौर, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के एनसीसी बालक दल नायक मास्टर सौरभ शाक्य, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय एनसीसी बालिका दल नायिका कु. विजया धाकड, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर दल नायक मास्टर त्रिवेन्द्र सिंह सिकरवार, शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर स्काउट दल नायक मास्टर मिलिंद सिंह राजपूत, पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर के गाइड दल नायिका कु. वैष्णवी चौहान से परिचय प्राप्त किया।

मुख्य समारोह में स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यात्रिंकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला पंचायत, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, एनआरएलएम, पशुपालन विभाग, शहरी विकास एवं आवास विभाग, पीडब्ल्यूडी, कूनो वन मंडल एवं मत्स्यपालन विभाग द्वारा कल्याणकारी कार्यक्रमों को प्रदर्शित करते हुए आकर्षक झांकिया प्रस्तुत की गई।

वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, अशासकीय सेंट पायस स्कूल, सांदीपनि विद्यालय श्योपुर, शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर, अशासकीय फ्यूचर स्टार कान्वेट स्कूल श्योपुर एवं शासकीय आदर्श आवासीय विद्यालय तथा कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा श्योपुर, अशासकीय अल्फा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्तिपूर्ण गीतों पर मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई।

गणंतत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा द्वारा इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोकतंत्र सेनानी रामप्रसाद पारेता सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. उदयभान सिंह चौहान, स्व. रामजानकी दास मित्तल, स्व. केदारनाथ वैश्य, स्व. चिरोंजीलाल गोयल (नाना), स्व बली मोहम्मद कुरैशी, स्व. प्रकाशभानू चौहान, स्व. बद्रीप्रसाद स्वर्णकार, स्व. रामगोपाल नागौरी, स्व. भोलानाथ भार्गव, स्व. रहमतुल्ला, स्व. सीताराम सोनी, स्व. हरिशंकर झा एवं स्व. मणीशंकर झा के परिजनो को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही भूतपूर्व सैनिको कैप्टन राजेश सिंह, सूबेदार महेन्द्र सिंह, नायब सूबेदार रामनाथ आर्य, नायब सूबेदार सुलख्खन सिंह, नायक मांगीलाल शर्मा, हवलदार जगदीश शर्मा, नायक धमेन्द्र सिंह, कैप्टन उत्तम सिंह, हवलदार तैय्यब अली, नायक कादर अली, हवलदार संदीप राठौर, हवलदार पवन कुमार, हवलदार लक्ष्मण सिंह एवं मांगीलाल फौजी एवं सरदार अवतार सिंह को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा परेड के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए जिला पुलिस बल महिला एवं द्वितीय स्थान के लिए नगर सेना बल होमगार्ड, तीसरे स्थान के लिए जिला सशस्त्र बल एसएएफ को शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एनसीसी बालिका दल को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय श्योपुर के परेड दल को द्वितीय स्थान के लिए तथा शासकीय उत्कृष्ट उमावि श्योपुर के स्काउट दल को तृतीय स्थान के लिए शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम स्थान पर रहे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर, द्वितीय स्थान पर रहे अशाकीय फ्यूचर स्टॉर कान्वेंट स्कूल श्योपुर एवं तृतीय स्था पर रहें पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय श्योपुर को भी शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये। विभागों द्वारा प्रस्तुत झांकियों में प्रथम स्थान के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, द्वितीय स्थान के लिए जिला पंचायत (ग्रामीण विकास विभाग) तथा तृतीय स्थान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की झांकी को शील्ड एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का व्याख्याता सुशील दुबे, श्रीमती प्रीति भटनागर द्वारा किया गया।

**हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस :** जिला मुख्यालय के साथ-साथ गणतंत्र दिवस जिलेभर में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया, विभिन्न शासकीय कार्यालयों पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा झंडा वंदन किया गया। जिला सत्र न्यायालय में प्रभारी प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश मा. कपिल मेहता द्वारा, कलेक्टर कार्यालय एवं निवास पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा, जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी द्वारा, गांधी पार्क श्योपुर पर स्थानीय विधायक बाबू जण्डेल द्वारा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा पुलिस लाईन श्योपुर में, अनुभाग कार्यालय विजयपुर पर एसडीएम अभिषेक मिश्रा द्वारा, एसडीएम कार्यालय कराहल में एसडीएम बीएस श्रीवास्तव द्वारा, उत्कृष्ट विद्यालय कराहल में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय सामुहिक कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती बत्तो बाई आदिवासी द्वारा, नगर परिषद बडौदा में अध्यक्ष श्रीमती भरोसी बाई सुमन द्वारा, नगर परिषद विजयपुर एवं गांधी चौक पर अध्यक्ष कमलेश कुशवाह द्वारा, जनपद श्योपुर में अध्यक्ष श्रीमती रीना मीणा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। विजयपुर के प्रहलादपुरा प्रागंण में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष बदन सिंह रावत द्वारा झंडा वंदन किया गया, इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, एसडीएम अभिषेक मिश्रा, पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम मुदगल आदि उपस्थित रहें। इसके अलावा विभिन्न शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं, विद्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया।

### जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के दौरान सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) तुरसनपाल बरैया, सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) एवं पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, विधायक श्योपुर बाबू जण्डेल, विधायक विजयपुर मुकेश मल्होत्रा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, जनपद अध्यक्ष श्योपुर श्रीमती रीना मीणा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्यगण महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सरोज तोमर एवं राघवेन्द्र जाट, सुजीत गर्ग, सुमित सिंहल, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पूरण आर्य, हंसराज मीणा, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, श्रीमती नेहा कुलश्रेष्ठ, सिराज दाउदी, मोहम्मद चीनी कुरैशी, श्रीमती कल्पना राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, पत्रकार, गणमान्य नागरिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बडी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### कलेक्टर ने किया बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन

मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रामबाडी में विद्यार्थियों को साथ मध्यान्ह भोजन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा सहित अन्य अतिथियों का स्कूल प्रबंधन एवं पंचायत की ओर से साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच रामकरण बंजारा एवं पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महावीर बंजारा, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन एवं बीईओ श्रीमती मधु शर्मा, डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा, बीआरसी हरिशंकर बाथम सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें। इस दौरान मुख्य अतिथि वर्मा द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक परीक्षित भारती द्वारा किया गया।

### गणतंत्र दिवस समारोह में अधिकारी रहे उपस्थित

इसके अलावा गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में डीएफओं सामान्य करण सिंह रंधा, डीएफओ कूनो आर थिरूकुराल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# विजयपुर में तेंदुए का खौफ, किसान पर हमला

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 27 जनवरी।** विजयपुर क्षेत्र के खाड़ी गांव में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। खेत पर फसल देखने गए

## बार-बार हो रही घटनाओं से ग्रामीण दहशत में, वन विभाग मौन

सोनेराम गुर्जर पुत्र श्रीकिशुन गुर्जर (50 वर्ष), पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों व ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज



जारी है। गौरतलब है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी क्षेत्र में तेंदुए के हमले की कई घटनाएं हो चुकी हैं, बावजूद इसके वन विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप ग्रामीण भय के साये में जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में जाना, पशु चराना और रात के समय बाहर निकलना अब जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। बार-बार शिकायतों और सूचनाओं के बावजूद वन विभाग की निष्क्रियता सवालों के घेरे में है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि तेंदुए की गतिविधियों पर तुरंत निगरानी रखी जाए, पिंजरे लगाए जाएं और गश्त बढ़ाई जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी और की जान जाने के बाद ही वन विभाग जागेगा।

## भारत पर्व पर फागुन के रंग उड़े

# शास्त्रीय गायन के साथ ही लोकगीत एवं लोकनृत्य की प्रस्तुति

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 जनवरी।** लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन बीती रात्रि को निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। स्वराज संस्थान, संस्कृति विभाग एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान शास्त्रीय गायकों एवं लोक कलाकारो द्वारा शास्त्रीय गायन के साथ ही लोकगीतों एवं लोक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई।




कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

भारत पर्व कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विभाग की ओर से भेजे गये दलों के क्रम में सुश्री रूपाली गोखले ग्वालियर के नेतृत्व में 6 सदस्यीय टीम द्वारा शास्त्रीय संगीत एवं लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। बंसत पंचमी की थीम पर उनके द्वारा प्रस्तुत लोकगीत फागुन के रंग उडे, पूरवा के संग चले, चूनर के संग उडे साडी रे, देखों आई बंसत मतवारी रे...... सरसो के फूल खिले, खेत भये न्यारे, धरती दुल्हानियों को अंबर निहारे, अंखियन की लाज रखी, फूलों ने मांग भरी, भंवरो ने आरती उतारी रें, देखों आई बंसत मतवारी रे.... ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पूर्व उनकी टीम द्वारा राग यमन पर आधारित गणपति वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर सुश्री रूपाली गोखले ने अपनी टीम के साथ तराना गायन की शैली भी प्रस्तुत की गई। उनके साथ हारमोनियम पर मनीष परिहार एवं तबले पर उत्कर्ष द्वारा संगत दी गई। गायन में अथर्व दुबे, विनय प्रताप एवं श्री धाकड शामिल रहें। इसी प्रकार बुंदेली लोकनृत्य निर्देशक अमित कुमार उपाध्याय ग्वालियर के नेतृत्व में 14 सदस्यीय टीम लांगुरिया लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही मॉ दुर्गा की शक्ति उपासना पर आधारित बुंदेली लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति प्रदान की गई। इस दल में कपिल दुबे, दिनेश धाकड, ओम शर्मा, अमर बंसल, कपिल चौरसिया, अंकित, सुश्री प्राची, सुश्री गीताजंली, सुश्री श्रीशती, सुश्री महक, सुश्री माही, सुश्री आंकाक्षा एवं सुश्री पल्लवी शामिल रहें, जिनके द्वारा गायन के साथ ही लोकनृत्य की मन भावन प्रस्तुति प्रदान की गई। कार्यक्रम का गरिमायमी संचालन सहायक आबकारी अधिकारी डॉ लोकेश तिवारी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग श्योपुर की ओर से वंदेमातरम चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी संपन्न हुआ।

## एक नजर में

### समय सीमा में नही हुआ सीमांकन के आवेदनों का निराकरण

**श्योपुर, 27 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा लोक सेवा गांरटी अधिनियम के तहत समय सीमा में सीमांकन से संबंधित दो आवेदनों का निराकरण नही करने पर तहसीलदार बडौदा सुरेश राठौर पर साढे छः हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत समय अवधि में आवेदनों का निराकरण नही किये जाने के चलते यह कार्यवाही की गई है। आवेदक नईम अंसारी द्वारा भूमि के सीमांकन से संबंधित आवेदन लोक सेवा के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था, जिसका निराकरण 24 दिसंबर 2025 तक किया जाना था, लेकिन 14 दिवस विलम्ब से उक्त आवेदन का निराकरण किया गया, इस पर 250 रूपये प्रति दिवस के मान से 3500 रूपये की शास्ती अधिरोपित की गई है। इसी प्रकार आवेदिका श्रीमती लक्ष्मी जाट के भूमि सीमांकन से संबंधित आवेदन का निराकरण नियत तिथि 26 दिसंबर 2025 की अपेक्षा 12 दिवस विलम्ब से किये जाने पर 3 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। इस प्रकार दो मामलों में निर्धारित समयावधि में निराकरण नही होने के चलते 6 हजार 500 रूपये की शास्ती अधिरोपित कीगई है।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी समिति की बैठक 28 जनवरी को दोपहर 2 .30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिकरवार ने बताया कि बैठक में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत जारी विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों की समीक्षा की जायेगी।

# संपूर्णता 2 .0 को सफल बनाने कार्य करें : सीईओ



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि संपूर्णता 2.0 अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय से कार्य करते हुए निर्धारित सूचकांको में शत प्रतिशत लक्ष्यों को हासिल करें। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन, बीईओ श्रीमती मधु शर्मा, आकांक्षी विकासखंड फैलो

## आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित

दिपांशी जादौन सहित महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने आकांक्षी विकासखंडों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सभी आंगनवाडी केन्द्रों की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जायें तथा अनुपूरक पोषण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों हेतु आधार पंजीयन एवं सत्यापन शिविर आयोजित किये जायें। इसके अलावा सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी प्रक्रिया पूर्ण कराई जायें। मैदानी स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा योजनाओं की सूक्ष्म, सत्त एवं प्रभावी निगरानी सुर्निश्चत की जाये।

उन्होंने जिले में सम्पूर्णता 2.0 अभियान को सफल, समयबद्व एवं लक्ष्यपरक रूप से संपादित करने हेतु सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि संपूर्णता अभियान अंतर्गत सभी बिन्दुओं पर शत प्रतिशत सूचकांक का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य किया जायें।

# पीजी कॉलेज इंडोर हॉल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 27 जनवरी।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल जिला श्योपुर के तत्वाधान में आज पी.जी. कॉलेज के इण्डोर हॉल में कबड्डी मैच का शुभारम्भ बजरंगबली की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप

## श्योपुर की टीम विजेता एवं ददूनी की टीम उपविजेता रही

में खेल अधिकारी अरूण सिंह चौहान, विशिष्ठ अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठान मंत्री अतुल बुधोलिया, बजरंग दल विभाग सहसंयोजक कुलदीप सिंह सिसौदिया, विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष दीपक गर्ग, विश्व हिन्दू परिषद जिला उपाध्यक्ष विष्णु गर्ग, विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री संजू शर्मा उपस्थित रहे।

खेल अधिकारी अरूण सिंह द्वारा युवा खिलाड़ियों का प्रोत्साहित करते हुए कहा कि श्योपुर जिले के समस्त खिलाड़ियों को जो भी खेल से सम्बंधित आवश्यकताएँ हैं। उनमें पूरा सहयोग दिया जायेगा। उनके द्वारा बताया गया कि बड़ौदा के युवा खिलाड़ियों को आउटडोर जिम तथा कबड्डी मेट उपलब्ध कराने हेतु भी आश्वस्त किया गया। जिससे बडौदा क्षेत्र के युवा खिलाड़ी भी कबड्डी मैट पर कबड्डी खेल का अभ्यास कर सकेंगे। आज के कबड्डी मैच में सोई कला, ददूनी, बडौदा एवं श्योपुर की टीमों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन रैफरी के रूप में बडौदा के युवा खिलाड़ी लोकेश रावत तथा दर्शन गौतम द्वारा किया गया। जिसमें प्रथम विजेता श्योपुर तथा उप विजेता ग्राम पंचायत ददूनी की टीमें रही। विजेता खिलाड़ियों को भोपाल के लिए रवाना किया गया है, जहां पर आयोजित प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग लेंगी, मैच उपरान्त विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में समस्त जिला एवं नगर कार्यकारणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गर्भावस्था में सावधानियां बरतने की सलाह

**श्योपुर, 27 जनवरी।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना ने कहा है कि गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं को विशेष स्वास्थ्य देखभाल की जरूरत होती है, इसलिए प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच हेतु माह की 9 एवं 25 तारीख को शिविर आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप होना ये आमतौर पर गर्भावस्था के 20वें सप्ताह के बाद शुरू होता है और बच्चे के जन्म के बाद ठीक हो जाता है।